University in News on 22 July 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

बीएससी बायो और एलएलबी में बढ़ी दिलचस्पी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया पिछले दो साल के आवेदनों का ब्योरा

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। 12वीं के बाद युवा अपने के लिए कॅरिअर के नए आयाम तलाश रहे हैं। इसके तहत साधारण बीकॉम के साथ ही बीएससी मैथ्स में भी युवाओं की रुचि कम हुई है। वहीं एलएलबी ऑनर्स के साथ ही बीएससी बायो में युवाओं की रुचि बढ़ी है।

बीकॉम और बीएससी मैथ्स के प्रति कम हो रहा छात्रों का लगाव

लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर पर आए दाखिलों में यह रुझान दिखाई दे रहा है। विवि ने वर्ष 2023 और वर्ष 2024 में आए आवेदनों का ब्योरा जारी किया है। पिछले साल की तुलना में सबसे ज्यादा क्रेज एलएलबी ऑनर्स पाठ्यक्रम के लिए देखने को मिला है। एलएलबी ऑनर्स में बीते साल के मुकाबले इस साल करीब 29 फीसदी ज्यादा आवेदन आए हैं।

बीकॉम में भले ही आवेदन कम हुए हों, लेकिन बीकॉम ऑनर्स में आवेदनों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। पिछले साल के मुकाबले इस साल आवेदनों की संख्या 18 फीसदी से ज्यादा बढ़ गई है। इसी तरह बीएससी बायो में करीब 18 फीसदी और बीसीए व बीएससी कृषि में करीब 13 फीसदी और बीवीए में 10 फीसदी आवेदन बढ़ गए हैं। वहीं दूसरी ओर बीएससी मैथ्स के आवेदन पिछले साल के मुकाबले करीब आठ फीसदी कम हुए हैं। बीकॉम के आवेदनों में भी दो फीसदी की गिरावट आई है। बीए के आवेदन में ज्यादा बदलाव नहीं आया है और करीब आधा फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

पाठ्यक्रम	वर्ष 2023	वर्ष 2024	प्रतिशत बढ़ोतरी
बीएलएड	478	439	8.15
बीकॉम ऑनर्स-	3335	3948-	8.38
बीए एनईपी-	7871-	7922-	.64
शास्त्री-	20-	19-	5
बीकॉम एनईपी-	4210-	4132-	1.85
एलएलबी ऑनर्स-	5464-	7037-	28.78
बीएससी बायो-	3996	4474	17.86
बीएससी मैथ्स-	3845-	3542-	7.72
बीवोक रिन्यूबल एनर्जी	45-	58-	7.72
बीवीए- बीएफए-	724-	786-	8.56
बीएससी एग्री.-	681-	771-	7.73
बीजेएमसी-	168-	155-	13.21
बीए-बीएससी योगा-	70-	87-	24
डी फॉर्मा-	1155-	1194-	4.24
बीबीए-बीबीए टूरिज्म	3785-	4162-	9.96
बीसीए	3392	3849	13.47
कुल	39039	42575-	9.05

कॅरिअर के विकल्प को देखते हुए आ रहा है बदलाव

आज का युवा अपने कॅरिअर के प्रति अपेक्षाकृत अधिक जागरूक हुए हैं। एलएलबी ऑनर्स को लेकर पिछले कई साल से क्रेज देखने को मिल रहा है। बीकॉम में भले ही आवेदन कम हुए हैं, लेकिन बीकॉम ऑनर्स में बढ़ गए हैं। बीएससी बायो में आवेदन बढ़ने के पीछे सबसे बड़ी वजह स्वास्थ्य क्षेत्र में रोजगार के मौके बढ़ने की वजह है। कोविड महामारी के बाद से स्वास्थ्य क्षेत्र में रोजगार तेजी से बढ़े हैं। - **प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव**, प्रवक्ता लविवि

तीन कार्यों के लिए तीन वेबसाइट

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों से मिली फीस का दुरुपयोग हो रहा है। संस्थान में तीन कार्यों के लिए तीन अलग-अलग वेबसाइट का संचालन किया जा रहा है। इसके चलते स्टूडेंट्स को मुख्य वेबसाइट के बजाय अलग-अलग वेबसाइट पर जाना पड़ता है। इससे उन्हें समस्या आ रही है।

लविवि में प्रवेश, परीक्षा के साथ ही अन्य काम पूरी तरह से ऑनलाइन हैं। विवि की ओर से काफी समय से मुख्य वेबसाइट lkouniv.ac.in का संचालन किया जा रहा है। इसके बाद जैसे-जैसे चीजें ऑनलाइन होनी शुरू हुई तो इसी वेबसाइट पर लिंक देकर पोर्टल मेंटेन करने के बजाय नई वेबसाइट तैयार की गई। इसका दोहरा नुकसान है। एक तरफ विद्यार्थियों को हर काम के लिए अलग वेबसाइट तलाशनी पड़ती है। दूसरा, विवि के संसाधनों का दुरुपयोग हो रहा है। डिग्री, मार्कशीट और माइग्रेशन आदि के लिए एलयू ईज के तहत coeindiaexamination.co.in का निर्माण किया गया है। इससे विवि की डिग्री और विद्यार्थियों से संबंधित काम होते हैं।। लविवि परिसर के विद्यार्थी तो मुख्य वेबसाइट से यूडीआरसी पोर्टल पर फीस जमा कर सकते हैं। जबकि कॉलेज के विद्यार्थियों को lufees.in पर जाकर अपनी फीस जमा करनी होती है।

अतिरिक्त खर्च के साथ ही विद्यार्थियों के सामने भी आ रहीं समस्याएं

बैंक संबंधी दिक्कतों की वजह से लिया निर्णय

विवि की मुख्य वेबसाइट पर एलयू ईज का लिंक दिया गया है। एलयू फीस ऑनलाइन वेबसाइट का संचालन बैंक संबंधी ईश्यू होने की वजह से करना पड़ रहा है। अलग-अलग काम के लिए तैयार पोर्टल का एक स्थान पर इंटीग्रेशन होने में पेश आने वाली समस्या को देखते हुए ऐसा किया गया है। - **प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव**, प्रवक्ता लविवि

पांच पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रवेश परीक्षा के तहत पांच पाठ्यक्रमों का रिजल्ट जारी कर दिया है। रिजल्ट विवि की वेबसाइट पर मौजूद है। अभ्यर्थियों को 23 जुलाई तक चॉइस फिलिंग करने को कहा गया है।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि बीजेएमसी, बीएससी एग्री., बीएससी मैथ्स, बीएलएड और डीफॉर्मा पाठ्यक्रम का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। सीट लॉक करने के लिए डीफॉर्मा को छोड़कर अन्य पाठ्यक्रमों के लिए 23 जुलाई तक चॉइस फिलिंग विवि की वेबसाइट पर जाकर करनी है। लविवि परिसर में इनमें से बीएससी मैथ्स और डीफॉर्मा पाठ्यक्रम का ही संचालन होता है। अन्य पाठ्यक्रम कॉलेजों में संचालित हैं।

लविवि और कॉलेजों में सीट के लिए 23 तक करनी है चॉइस फिलिंग

डीफार्मा की आंसर-की आई

- लविवि ने डीफार्मा पाठ्यक्रम की आंसर-की रविवार को जारी कर दी हैं। आंसर-की विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। प्रवेश परीक्षा देने वाले परीक्षार्थी अपनी उत्तर पुस्तिका की कॉर्बन कॉपी से इसका मिलान कर सकते हैं।

लविवि : मृतक आश्रित कोटे से नौकरी पाने वाले कर्मचारियों की परीक्षा आज

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में मृतक आश्रित कोटे में नौकरी पाने वाले कर्मचारियों को सोमवार को टंकण परीक्षा देनी है। इन कर्मचारियों को सुबह 9.30 बजे आईटीआई अलीगंज में पहुंचने को कहा गया है। लविवि प्रशासन के अनुसार, मृतक आश्रित कर्मचारियों को यह परीक्षा देना अनिवार्य है। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 7

बीकॉम, बीबीए, एलएलबी व बीए में दाखिले को मारामारी

एलयू

- एलएलबी की एक सीट पर 44 छात्रों की दावेदारी
- बीसीए की एक सीट पर 32 अभ्यर्थी दावेदार

लखनऊ। एलयू में शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। यूजी स्तर के मुख्य कोर्सों एक को छोड़ दें तो अधिकतर में सीटों के सापेक्ष काफी अधिक आवेदन हैं। यही नहीं एलयू में पिछले सत्र की अपेक्षा अधिक आवेदन भी हुए है। खासकर बीकॉम, एलएलबी पांच वर्षीय पाठ्यक्रम, बीए और बीबीए में प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं को कड़ी प्रतिस्पर्धा से गुजरना होगा।

एलयू में स्नातक और स्नातक प्रोफेशनल पाठ्क्रमों में 4250 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। एलयू की ओर से जारी डाटा के मुताबिक पांच वर्षीय एलएलबी के बाद दूसरी पसंद बीसीए है। पांच वर्षीय एलएलबी में 1 सीट पर 44 अभ्यर्थियों की दावेदारी है। वहीं बीसीए में 1 सीट पर 32 अभ्यर्थी दावेदार हैं। इसके अलावा बीकॉम ऑनर्स तीसरे नंबर पर है। बीकॉम ऑनर्स में 1 सीट के सापेक्ष 22 अभ्यर्थी दावेदार है। इसके अलावा डीफार्मा में 1 सीट पर 19 और बीएससी बायो एनईपी में 16 अभ्यर्थियों की दावेदारी है। हालांकि शास्त्री में सीटों के सापेक्ष कम आवेदन आए हैं।

मुख्य विषयों में सीटें और आवेदन

कोर्स	सीटें	2024 (आवेदन)	2023
बीकॉम ऑनर्स	180	3948	3335
बीए एनईपी	1350	7922	7871
शास्त्री	25	19	20
बीकॉम एनईपी	690	4132	4210
एलएलबी पांच वर्षीय	160	7037	5464
बीएससी बायो एनईपी	280	4474	3796
बीएससी मैथ्स एनईपी	470	3542	3845
बीवॉक रिन्यूवल एनर्जी	25	58	45
बीए/बीएससी योगा	60	87	70
डीफार्मा	60	1194	1155
बीबीए और बीबीए टूरिज्म	360	4162	3785
बीसीए	120	3849	3392

एलयू: बीए, बीएससी की मेरिट सूची जारी

लखनऊ। एलयू ने स्नातक प्रवेश परीक्षा 2024 के अन्तर्गत पांच पाठ्यक्रमों की मेरिट जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर रविवार को बीजेएमसी, बीए, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी गणित, बीएलएड एवं डीफार्मा की मेरिट सूची जारी कर दी गई है। साथ ही बीजेएमसी, बीएससी एग्रीकल्चर, एलएलबी इंटीग्रेटेड, बीवीए-बीएफए, बीएससी गणित एवं बीएलएड की च्वाइस फिलिंग शुरू हो गई है। 23 तक विवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर अभ्यर्थी च्वाइस फिलिंग अपनी लॉगिन आईडी के माध्यम से कर सकते हैं।

i-NEXT PAGE 4

एलयू में तो बीकाम से ज्यादा बीए का है क्रेज

CONCEPT PIC

LUCKNOW (21 JULY): लखनऊ विश्वविद्यालय में कामर्स से अधिक कला और विधि में विद्यार्थियों का रुझान है. इस सत्र में सबसे अधिक बीए और एलएलबी में आवेदन आए, जबकि बीकाम (एनईपी) में कम. स्नातक के विभिन्न कोर्सों में प्रवेश परीक्षा होने के बाद संडे को विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में आए आवेदन के आंकड़े जारी किए हैं. पिछले सत्र 2023 में 39,039 आवेदन आए थे. इस बार यह संख्या बढ़कर 42,575 पहुंच गई.

एलयू में यूजी में पिछले साल से इस बार अधिक आवेदन

मिशन एडमिशन

29 मार्च से शुरू हुए आवेदन

सत्र 2024-25 के लिए स्नातक व स्नातक प्रोफेशनल कोर्सों के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय में लगभग 4250 सीटों पर आनलाइन आवेदन प्रक्रिया 29 मार्च को शुरू होकर 5 जुलाई तक चली थी. 11 से 18 जुलाई तक प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की गईं. केंद्रीयकृत प्रवेश प्रणाली के तहत बीएजेएमसी कोर्स में प्रवेश के लिए छह कालेजों की 540 सीटें हैं, लेकिन आवेदन सिर्फ 155 ही आए हैं. इसी तरह शास्त्री विषय की 25 सीटों पर सिर्फ 19 आवेदन हैं. वहीं दूसरी ओर इस बार लखनऊ विश्वविद्यालय में बीते वर्षों की तुलना में विदेशी विद्यार्थियों ने अधिक संख्या में आवेदन किया है.

दो शैक्षणिक सत्र में आवेदन की स्थिति

कोर्स	2023	2024	सीटें (कैंपस)
बीएलएड (कालेज के लिए)	478	439	830
बीकाम आनर्स	3335	3948	180
बीए (एनईपी)	7871	7922	1350
शास्त्री	20	19	25
बीकाम (एनईपी)	4210	4132	690
एलएलबी (पांच वर्षीय)	5464	7073	160
बीएससी बायो (एनईपी)	3796	4474	280
बीएससी मैथमेटिक्स (एनईपी)	3845	3542	470
बीवाक रिन्यूएबल एनर्जी	45	58	25
बीवीए/बीएफए	724	786	93
बीएससी एग्रीकल्चर(कालेजों के लिए)	681	771	470
बीएजेएमसी (कालेजों के लिए)	168	155	540
बीए योग, बीएससी योग	70	87	60
डीफार्मा	1155	1194	60
बीबीए/बीबीए (टी)	3785	4162	360
बीसीए	3392	3849	120

इन विषयों में आए कम आवेदन

- बीकाम (एनईपी)
- बीएससी मैथमेटिक्स
- शास्त्री
- बीएजेएमसी
- बीएलएड

इन विषयों में आए अधिक आवेदन

- एलएलबी (5 वर्षीय)
- बीसीए
- बीकाम आनर्स
- बीबीबी

बीते दो साल में हमारे यहां बहुत योग्य नए शिक्षक आए हैं. एकेडमिक माहौल में बड़ा परिवर्तन आया है. सरकारी और प्राइवेट सेक्टर में यहां के विद्यार्थियों के प्लेसमेंट होने से बच्चों का रुझान बढ़ा है. दो साल में आवेदन की संख्या में वृद्धि उसका समेकित परिणाम है.

प्रो. आलोक कुमार राय, वीसी, एलयू

पीएचडी दाखिले के लिए काउंसिलिंग 24 से

डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 के पीएचडी दाखिले के लिए काउंसिलिंग 24 से 26 जुलाई तक होगी. अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://dsmnru.ac.in/ के माध्यम से परिणाम और काउंसिलिंग की तिथियां देख सकते हैं. दरअसल, विश्वविद्यालय ने पिछले साल पीएचडी-2023-24 के लिए 19 विषयों में 117 सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की थी. बीते वर्ष 22 सितंबर तक लेट फीस के साथ आवेदन का मौका भी दिया. पीएचडी प्रवेश परीक्षा में 117 सीटों के सापेक्ष 652 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, लेकिन प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार के बाद परिणाम नहीं जारी हो पाए. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी काफी समय से परिणाम आने का इंतजार कर रहे थे.

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

लविवि को देश के समग्र उच्च शिक्षा संस्थानों में ९८वां स्थान

एलयू भारत में एक अग्रणी शैक्षणिक संस्थान बना हुआ है : कुलपति

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालयों की वेबमेट्रिक्स रैंकिंग के नवीनतम संस्करण में अपनी प्रभावशाली रैंकिंग की घोषणा की है, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध आउटपुट और वैश्विक दृश्यता के लिए संस्थान की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। लविवि को देश के समग्र उच्च शिक्षा संस्थानों में 98वां स्थान और भारत के विश्वविद्यालयों में 47वां स्थान मिला है। एलयू उत्तर प्रदेश का एकमात्र राज्य विश्वविद्यालय है जो इस रैंकिंग के शीर्ष 100 में शामिल है। विश्वविद्यालयों की वेबमेट्रिक्स रैंकिंग साइबरमेट्रिक्स लैब की एक पहल है, जो स्पेन के कॉन्सेजो सुपीरियर डी इंवेस्टिगेशियन्स साइंटिफिकस (सीएसआईसी) से संबंधित एक शोध समूह है। उक्त रैंकिंग प्रणाली दुनिया भर में 31,000 से अधिक उच्च शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन करती है, जो उनके प्रदर्शन और प्रभाव के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान करती है। वेबमेट्रिक्स, एक प्रसिद्ध रैंकिंग प्रणाली, जो दुनिया भर के विश्वविद्यालयों को उनकी वेब उपस्थिति, प्रभाव, खुलेपन और उत्कृष्टता के आधार पर आंकती है, उसने लविवि को शैक्षणिक समुदाय में इसके महत्वपूर्ण योगदान और बढ़ते प्रभाव के लिए मान्यता दी है। एलयू भारत में एक अग्रणी शैक्षणिक संस्थान बना हुआ है, जो विविध प्रकार के कार्यक्रमों की पेशकश करता है और शैक्षणिक कठोरता व नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देता है। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए इसकी प्रतिबद्धता अकादमिक प्रथम की सूची जैसे कि एनईपी 2020 कार्यान्वयन, यूजी कार्यक्रम में चौथे वर्ष का पहला बैच, क्रेडिट ट्रांसफर, कई प्रविष्टियां, पहला एक वर्षीय पीजी कार्यक्रम आदि द्वारा प्रमाणित है। लविवि को नैक ए प्लस प्लस मान्यता, श्रेणी 1 का दर्जा, एनआईआरएफ रैंकिंग आदि प्राप्त करने वाला यूपी का पहला राज्य विश्वविद्यालय होने का श्रेय है। कुलपति के अनुसार विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं और संकाय सदस्यों ने लगातार उच्च गुणवत्ता वाले शोध किए हैं, विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति में योगदान दिया है और वैश्विक स्तर पर संस्थान की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है। संकाय के नए सदस्यों ने अनुसंधान विकास में बहुत योगदान दिया है। अपनी मजबूत ऑनलाइन उपस्थिति और ज्ञान के प्रभावी प्रसार के माध्यम से लविवि ने सफलतापूर्वक व्यापक दर्शकों तक पहुंच बनाई है, अपनी उपलब्धियों को बढ़ावा दिया है और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को आकर्षित किया है। गौरतलब है, कि लविवि को अंतर्राष्ट्रीय छात्रों से रिकॉर्ड संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। एलयू कोड सूचना के प्रभावी प्रसार में भी एक कदम आगे है। विश्वविद्यालय स्थानीय और वैश्विक समुदाय के साथ जुड़ने, सामाजिक मुद्दों को संबोधित करने, शिक्षा और अनुसंधान के माध्यम से समाधान प्रदान करने के लिए समर्पित है। लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने संस्थान की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। यह रैंकिंग हमारे संकाय, छात्रों और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। यह हमारे शैक्षणिक कार्यक्रमों, शोध पहलों और सामुदायिक आउटरीच को बढ़ाने के हमारे निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। हम इस गति को बनाए रखने और अपने सभी प्रयासों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वेबमेट्रिक्स में एलयू की उल्लेखनीय रैंकिंग उच्च शिक्षा के एक प्रमुख संस्थान के रूप में इसकी स्थिति को रेखांकित करती है, जो एक जीवंत शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देने और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए समर्पित है।

थाईलैंड से अध्ययन करने आए छात्रों ने किया लविवि का भ्रमण

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययन करने थाईलैंड से आए दस विदेशी छात्रों ने अंतर्राष्ट्रीय प्रकोष्ठ में रिपोर्टिंग किया। ये छात्र अंग्रेजी संचार में प्रोफिशिएंसी सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम का अध्ययन करने आए हैं, जो अंग्रेजी विभाग में संचालित होगा। लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने उन्हें संबोधित करते हुए कम्यूनिकेशन अध्ययन में सामाजिक और सांस्कृतिक परिपेक्ष्य के बारे में बताया और भारतीय संस्कृति खान-पान पर चर्चा की। कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो.अरविंद मोहन ने उन्हें कला संकाय के विषय में बताया और संस्थान के विषय में व्यापक चर्चा किया। अंतर्राष्ट्रीय प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो.आरपी सिंह ने उन्हें परिसर का भ्रमण कराया। मालूम हो कि इस वर्ष लविवि में 76 देशों से करीब 1800 आवेदन आए हैं।

एलयू छात्र-छात्राओं को हॉस्टल आवंटित

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावासों में पुनः आवंटन प्रक्रिया के तहत एमबीए, एमए तथा एम.कॉम तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को हॉस्टल आवंटन कर दिया गया है। हॉस्टल फीस जमा करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई है। चीफ प्रोवोस्ट प्रो.अनूप कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य परिसर के एमबीए छात्र-छात्राओं का आवंटन क्रमशः एलबीएस हॉल एवं निवेदिता हाल में किया गया है। नवीन परिसर के छात्र-छात्राओं को क्रमशः कौटिल्य हाल और गंगा हाल आवंटित हुआ है। हॉस्टल आवंटन संबंधी सूचना लविवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। हॉस्टल में कक्ष आवंटन के समय माता-पिता तथा स्थानीय संरक्षक को साथ लाना जरूरी है।

THE PIONEER PAGE 2

Culture, food discussed with Thailand students in LU

Lucknow (PNS): Ten foreign students from Thailand who have come to study at Lucknow University reported to the international cell of the institution. These students have come to take up the Proficiency Certificate course in English Communication, which will be conducted in the English department. Addressing them, LU Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai explained the social and cultural perspective in communication studies and discussed Indian culture and food. Dean of Faculty of Arts Prof Arvind Mohan informed them about the faculty and had a comprehensive discussion about the university. Director of the international cell Prof RP Singh gave them a tour of the campus. It is noteworthy that this year, Lucknow University received about 1800 applications from 76 countries.

Meanwhile, Lucknow University was providing the facility of multiple exits (the facility to exit any year in the four-year undergraduate course) under NEP 2020. But now, the university is also going to provide the facility of multiple entries at the undergraduate level. "This means that the students can also get admission to the university or college in the middle of the undergraduate course. The university will take admission in every odd semester in July every year in accordance with the vacant seats in the course. For this, a high-level committee has been constituted by the vice-chancellor to make a detailed manual," spokesperson Durgesh Srivastava said.

JAGRAN CITY PAGE III

बीए और एलएलबी में विद्यार्थियों का क्रेज

लखनऊ विश्वविद्यालय : स्नातक में इस बार 42,575 आवेदन

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में कामर्स से अधिक कला और विधि में विद्यार्थियों का रुझान है। इस सत्र में सबसे अधिक बी.ए. और एलएलबी में आवेदन आए, जबकि बी.काम (एनईपी) में कम। स्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा होने के बाद रविवार को विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में आए आवेदन के आंकड़े जारी किए हैं। पिछले सत्र 2023 में 39,039 आवेदन आए थे।

इस बार यह संख्या बढ़कर 42,575 पहुंच गई। हालांकि कई विषयों जैसे बी.काम (एनईपी), शास्त्री, बी.एल.एड, बी.एससी मैथमेटिक्स, बी.ए.जे.एम.सी जैसे पाठ्यक्रमों में पिछले साल की अपेक्षा आवेदन कम रहे हैं। वहीं, एल.एल.बी (पांच वर्षीय), बी.काम आनर्स, बी.सी.ए, बी.बी.बी सहित कोर्सों में अधिक आवेदन आए हैं।

सत्र 2024-25 के लिए स्नातक व स्नातक प्रोफेशनल कोर्सों के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय में लगभग 4250 सीटों पर आनलाइन आवेदन प्रक्रिया 29 मार्च को शुरू होकर पांच जुलाई तक चली थी। 11 से 18 जुलाई तक प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की गईं।

केंद्रीयकृत प्रवेश प्रणाली के तहत बी.ए.जे.एम.सी कोर्स में प्रवेश के लिए छह कालेजों की 540 सीटें हैं, लेकिन आवेदन सिर्फ 155 ही आए हैं। इसी तरह शास्त्री विषय की 25 सीटों पर सिर्फ 19 आवेदन हैं।

बीते दो साल में हमारे यहां बहुत योग्य नए शिक्षक आए हैं। एकेडमिक माहौल में बड़ा परिवर्तन आया है। सरकारी और प्राइवेट सेक्टर में यहां के विद्यार्थियों के प्लेसमेंट होने से बच्चों का रुझान बढ़ा है। दो साल में आवेदन की संख्या में वृद्धि उसका समेकित परिणाम है।

-प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति, लवि

दो शैक्षणिक सत्र में आवेदन की स्थिति

कोर्स	सत्र 2023	सत्र 2024	में सीटें (कैंपस)
बीएलएड (कालेज के लिए)	478	439	830
बीकाम आनर्स	3335	3948	180
बीए (एनईपी)	7871	7922	1350
शास्त्री	20	19	25
बीकाम (एनईपी)	4210	4132	690
एलएलबी (पांच वर्षीय)	5464	7073	160
बीएससी बायो (एनईपी)	3796	4474	280
बीएससी मैथमेटिक्स (एनईपी)	3845	3542	470
बीवाक रिन्यूएबल एनर्जी	45	58	25
बीवीए/बीएफए	724	786	93
बीएससी एग्रीकल्चर(कालेजों के लिए)	681	771	470
बीएजेएमसी (कालेजों के लिए)	168	155	540
बीए योग, बीएससी योग	70	87	60
डीफार्मा	1155	1194	60
बीबीए/बीबीए (टी)	3785	4162	360
बीसीए	3392	3849	120

सीएसयू में अब 31 तक आवेदन का मौका

जासं • लखनऊ : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (सीएसयू) गोमतीनगर परिसर में प्रवेश की तिथि बढ़ा दी गई है। अब 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। इससे पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2024-2025 के लिए नान सीयूईटी (परिसर स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया) के माध्यम से प्राक्शास्त्री, शास्त्री व आचार्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण की 18 जुलाई तक समय दिया गया था। संस्थान के निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने बताया कि प्रवेश के लिए परिसर की वेबसाइट https://www.csu-lucknow.edu.in के जरिये फार्म भर सकते हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय ने यूजी की मेरिट लिस्ट की जारी

जासं • लखनऊ : लवि ने रविवार को स्नातक के पांच कोर्सों में प्रवेश के लिए मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। इनमें बी.ए.जे.एम.सी, बी.एससी एग्रीकल्चर, बी.एससी मैथमेटिक्स, बी.एल.एड और डी.फार्मा शामिल है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि बी.ए.जे.एम.सी, बी.एस.सी एग्रीकल्चर, बी.एस.सी मैथमेटिक्स और बी.एल.एड में 23 जुलाई तक अभ्यर्थियों को च्वाइस फिलिंग का समय दिया गया है। इसके अलावा बी.एस.सी बायोलाजी, एल.एल.बी इंटीग्रेटेड, बी.बी.ए और एम.बी.ए में भी च्वाइस फिलिंग शुरू हो गई है।

PIONEER PAGE 3

एलयू में दाखिले को लेकर सीटों के सापेक्ष अधिक आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्नातक स्तर पर दाखिले को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रही प्रवेश प्रक्रिया के दौरान पिछले सत्र की अपेक्षा अधिक आवेदन भी हुए है। खासकर बीकॉम, एलएलबी पांच वर्षीय पाठ्यक्रम, बीए और बीबीए में प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं को कड़ी प्रतिस्पर्धा से गुजरना होगा। विवि की ओर से जारी डाटा के अगला मुताबिक पांच वर्षीय एलएलबी के बाद दूसरी पसंद बीसीए है। पांच वर्षीय एलएलबी में 1 सीट पर 44 अभ्यर्थियों की दावेदारी है। व बीसीए में 1 सीट पर 32 अभ्यर्थी दावेदार हैं। प्रतिस्पर्धा में बीकॉम ऑनर्स तीसरे नंबर पर है। बीकॉम ऑनर्स में 1 सीट के सापेक्ष 22 अभ्यर्थी दावेदार है। इसके अलावा डीफार्मा में 1 सीट पर 19 और शास्त्री में सीटों के सापेक्ष कम आवेदन आए हैं। शास्त्री में 25 सीट है। पर आवेदन 19 अभ्यर्थियों ने ही किया है। इसके अलावा पिछले सत्र में एलयू में संयुक्त प्रवेश प्रक्रिया के तहत 16 कोर्सों में अधिक आवेदन आए है। पिछले सत्र में 39039 आवेदन आए थे। इस बार 42575 आवेदन आए है। बीएससी बायो एनईपी में 16 अभ्यर्थियों की दावेदारी है।

AMRIT VICHAR PAGE 5

लखनऊ विश्वविद्यालय : शास्त्री में घटी रुचि, बीए नेप और बीएएलएलबी इंटीग्रेटेड में आए सर्वाधिक आवेदन

बीवीओसी में 58, योगा में 87, बीए (नेप) में 7922 व एलएलबी (इंटीग्रेटेड) में आए 7073 आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में प्राच्य संस्कृत विभाग के शास्त्री पाठ्यक्रम में छात्रों की रुचि कम हुई है। पिछले वर्ष के तुलना में इस बार आवेदनों की संख्या अपेक्षाकृत कम हैं। वहीं बीए (नेप) और बीएएलएलबी (इंटीग्रेटेड) में अभ्यर्थियों ने सबसे अधिक ऑनलाइन आवेदन किये हैं।

लखनऊ विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि पिछले साल शास्त्री विषय में 20 आवेदन हुए थे। जबकि इस बार महज 19 रह गई। बीवीओसी में आवेदनों की संख्या 58 और बीए-बीएससी योगा में अभ्यर्थियों की संख्या 87 है, जो पिछले वर्ष की अपेक्षा काफी अधिक है। सबसे अधिक आवेदन बीए (नेप) में 7922 हुए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना से काफी अधिक हैं। यही हाल एलएलबी (इंटीग्रेटेड) का है, इसमें 7073 आवेदन हुए है। जबकि पिछले वर्ष आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 5464 थी। बताते हैं कि विश्वविद्यालय प्राच्य संस्कृत और अन्य शास्त्रों से जुड़े विषयों को लेकर समय-समय पर जागरूकता भरे कार्यक्रम आयोजित करता रहा है।

कुल 42 हजार से अधिक हुए आवेदन : विवि और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में कुल 42 हजार 575 आवेदन किये जा चुके हैं। बीएलएड में छात्रों की संख्या 439 है। बीकॉम में 3948 और बीकॉम (नेप) में 4132 है। बीएससी बॉयोलॉजी नेप में 4474 है। 3542 बीएससी मैथ, बीवीए-बीएफए 786 और बीएससी एग्रीकल्चर में आवेदन की संख्या 771 है। बीआईएमसी 155, डीफार्मा 1194, बीबीए 4162 और बीसीए 3849 है।

14 विषयों का परीक्षा परिणाम घोषित

लखनऊ विवि की वेबसाइट पर 14 विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गए हैं। इसमें बीए ऑनर्स, बीबीए, एमए, एमएससी, एलएलबी, एमएसडब्लू, बीलिब और बीवीओसी आदि विषय शामिल हैं।

प्राच्य संस्कृत विभाग में 24 से शुरू होगी काउंसिलिंग

प्राच्य संस्कृत विभाग में 24 जुलाई से प्रवेश के लिए काउंसिलिंग शुरू की जा रही है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि सभी विद्यार्थियों की अंकपत्र और प्रमाण पत्रों आदि की जांच 24 जुलाई से शुरू होकर 27 जुलाई तक चलेगी। इस दौरान ऑनलाइन फीस भी जमाई कराई जाएगी।

एमबीए, एमए, एमकॉम के छात्रों को दो दिन का मौका

चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने बताया कि एमबीए, एमए और एमकॉम तृतीय सेमेस्टर के छात्र एवं छात्राओं के लिए छात्रावास आवंटन की पुनः प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। इसमें एलबीएस हॉल, निवेदिता हाल, कौटिल्य हाल और गंगा हाल के लिए वेबसाइट खोली गई है। छात्रों को अंतिम मौका 24 जुलाई तक दिया गया है।

यूजी प्रोग्राम की उत्तर कुंजी जारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय स्नातक (यूजी) प्रवेश परीक्षा सत्र 2024-25 के अन्तर्गत पाठ्यक्रमों की उत्तर कुंजी (आंसर की) विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के एडमीशन पेज के यूजी प्रोग्राम पर उपलब्ध है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि जो अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं। वे उत्तर कुंजी से मिलान कर सकते हैं।

च्वाइस फिलिंग में अंतिम मौका आज

बीबीए-बीबीए (टी) में च्वाइस फिलिंग का अंतिम मौका सोमवार तक दिया गया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि पूर्व में दिये गए लॉगिन आईडी के माध्यम से अभ्यर्थी अपने विषयों में परिवर्तन कर सकता है, ये मौका सोमवार शाम तक है।

कल होगी मृतक आश्रितों की टंकण परीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि विवि में कार्यरत शिक्षक और कर्मचारियों के मृत्योपरान्त उनके आश्रितों को तृतीय श्रेणी के पद पर नियुक्ति इस शर्त के साथ प्रदान की गयी है कि उनके द्वारा टंकण परीक्षा उत्तीर्ण कर ली जाए। इसके लिए मंगलवार को आईटीआई शाखा अलीगंज में टंकण परीक्षा आयोजित की जाएगी।

पार्श्व प्रवेश के लिए समिति गठित

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने विभिन्न स्नातक कार्यक्रमों में पार्श्व प्रवेश के तौर-तरीकों को तय करने के लिए एक समिति के गठन लेकर मंजूरी दी है। इसमें अध्यक्ष के पद पर प्रति-कुलपति रहेंगे। सदस्यों में प्रो. अरविंद अवस्थी, प्रो. वीके शर्मा, प्रो. राकेश द्विवेदी, प्रो. पंकज माथुर, प्रो. राममिलन, प्रो. रजनीकांत श्रीवास्तव, प्रो. रचना मुजू शामिल किये गए हैं।

LOKSATYA PAGE 2

बीए, बीकॉम, बीबीए के साथ एलएलबी में दाखिले के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा

लखनऊ,लोकसत्य। एलयू में शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। यूजी स्तर के मुख्य कोर्सों एक को छोड़ दें तो अधिकतर में सीटों के सापेक्ष काफी अधिक आवदेन हैं। यही नहीं एलयू में पिछले सत्र की अपेक्षा अधिक आवेदन भी हुए है। खासकर बीकॉम, एलएलबी पांच वर्षीय पाठ्यक्रम, बीए और बीबीए में प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं को कड़ी प्रतिस्पर्धा से गुजरना होगा।

एलयू में स्नातक और स्नातक प्रोफेशनल पाठ्क्रमों में 4250 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। एलयू की ओर से जारी डाटा के मुताबिक पांच वर्षीय एलएलबी के बाद दूसरी पसंद बीसीए है। पांच वर्षीय एलएलबी में 1 सीट पर 44 अभ्यर्थियों की दावेदारी है। वहीं बीसीए में 1 सीट पर 32 अभ्यर्थी दावेदार हैं। इसके अलावा बीकॉम ऑनर्स तीसरे नंबर पर है। बीकॉम ऑनर्स में 1 सीट के सापेक्ष 22 अभ्यर्थी दावेदार है। इसके अलावा डीफार्मा में 1 सीट पर 19 और बीएससी बायो एनईपी में 16 अभ्यर्थियों की दावेदारी है। हालांकि शास्त्री में सीटों के सापेक्ष कम आवेदन आए हैं। शास्त्री में 25 सीटें है। पर आवेदन 19 अभ्यर्थियों ने ही किया है। इसके अलावा पिछले सत्र में एलयू में संयुक्त प्रवेश प्रक्रिया के तहत 16 कोर्सों में अधिक आवेदन आए है। पिछले सत्र में 39039 आवेदन आए थे।

TOI PAGE 2

Applications for admission to LU UG courses see surge

Highest No. Of Candidates Apply For BA

TIMES NEWS NETWORK



Lucknow: Compared to last year, the Lucknow University has witnessed an increase in the number of applications received for admission to its 19 undergraduate courses for the academic session 2024-25.

According to the admission data released on Sunday, the university has received a total of 42,574 applications for admission to around 5,000 undergraduate seats this year. Last year, the university received 39,039 application forms.

LU's BA courses have received the highest number of applications, but LLB (integrated) course will have the toughest competition in terms of admission. For a single seat in LLB (integrated), around 43 candidates will compete.

Most applications have been received from candidates for admission to BA, LLB (integrated), and BSc (biology) courses.

For admission to around 2,000 BA seats, 7,922 applications have been received while for admission to 160 seats of LLB (integrated), 7,037 applications have been received. Similarly, for admission to 840 seats in BSc (Bio), 4,474 candidates have applied.

In almost all undergraduate cases, there is an increasing trend in the number of applications received as compared to last year, except in BCom and BSc (mathematics), where the number of applications has slightly decreased from last year. This year, 4,132 applications were received for BCom, which is 78 applications less than last year, while in BSc mathematics, the total number of applications received is 3,542, which is 303 applications less than last year.

"The increase in the number of undergraduate applications at LU is due to the massive improvement in the university's national and international level ranking, the A++ grade awarded by the National Assessment Accreditation Council (NAAC), improvement in infrastructure, and others," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

"This time, whether it is the declaration of examination results, the start of classes for the new academic session, or admission, LU is ahead of all central and state universities," he said.